सत्यमेव जयते

भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

International Day of Yoga 21 June
Yoga for Harmony & Peace

योग महाकुंभ

योग महाकुंभ

योग महाकुंभ, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2025 के 10 प्रमुख आयोजनों में से एक है। यह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के एक दशक पूरे होने के अवसर पर एक विशेष प्रयास है। एक सप्ताह तक चलने वाला 'योग महोत्सव' जिसका उद्देश्य 10 विभिन्न शहरों में लाखों लोगों को एक साथ लाकर योग का अभूतपूर्व उत्सव मनाना है।

पिछले दशक में, आईडीवाई एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में विकसित हुआ है, जो विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों के मध्य समग्र स्वास्थ्य, माइंडफुलनेस और सद्भावना को प्रोत्साहित करता है। दशक भर की इस लंबी यात्रा के उपलक्ष्य में, आईडीवाई 2025 में योग के आख्यान को बढ़ाने वाले दस मुख्य कार्यक्रम शामिल होंगे, जिसमें प्रत्येक का लक्ष्य समाज के विशिष्ट वर्गों तक पहुंच स्थापित करना है।

इनमें से एक है योग महाकुंभ, जो देश के 10 अलग-अलग शहरों में आम लोगों के लिए योग को उत्सव के रूप में प्रदर्शित करता है। प्रत्येक शहर के लिए मंत्रालय एक संगठन (CPSES, SPSES, PSUs आदि) के साथ साझेदारी करेगा जो कार्यक्रमों को प्रायोजित और आयोजित करेंगे।

योग महाकुंभ, संभवतः 15 जून को शुरू होगा और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समाप्त होगा। समारोह अलग-अलग विषयों पर आधारित होंगे। उदाहरण के लिए, तीन दिनों के विषय, पर्यावरण, युवा और समावेशिता होंगे, जो तीन प्रमुख कार्यक्रमों हरित योग, योग अनप्लग्ड और योग समावेश के साथ जुड़ेंगे। इसके अतिरिक्त, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को अंतिम दिन, यानी 21 जून, 2025 को सामान्य योग अभ्यासक्रम (सीवाईपी) के सामंजस्यपूर्ण प्रदर्शन के माध्यम से मनाया जाएगा।

योग महाकुंभ के उद्देश्य

- योग को जन-जन तक ले जाना
- योग को एक राष्ट्रव्यापी उत्सव मनाना एवं एकता और सामूहिक कल्याण की भावना को बढ़ावा देना
- संवहनीय एवं सचेतन जीवन तथा मानसिक कल्याण को बढ़ावा देना
- सार्वजनिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए योग अभ्यासों के अनुपालन में, भारत के वैश्विक नेतृत्व को सुदृढ़ करना

योग महाकुंभ

योग महाकुंभ को प्रायोजित करें। योग के गौरवशाली प्रचारक बनें।

योग महाकुंभ, कॉर्पोरेट निकायों के लिए एक अनूठा अवसर है, जहाँ वे स्वास्थ्य, कल्याण और सामाजिक सद्भावना को बढ़ावा देने वाले राष्ट्रीय आयोजन में योगदान दे सकते हैं। आयुष मंत्रालय के साथ सहयोग कर के, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम सहित विभिन्न कॉर्पोरेट्स, योग महाकुंभ को एक भव्य वास्तविकता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर के बारे में अधिक जानने के लिए आप idy.coordination@gov.in पर संपर्क कर सकते हैं।

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग